# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 04 दिसंबर, 2023

## महासागर (MAHASAGAR) पहल

हाल ही में **भारतीय नौसेना** की पहल **महासागर (MAHASAGAR)** के पहले सत्र का आयोजन हुआ जिसमें **हिंद महासागर क्षेत्र (IOR)** के विभिन्न देशों के समुद्री प्रमुखों ने हिस्सा लिया।

**थीम:** 'सामान्य चुनौतियों का मुकाबला करने की दिशा में सामूहिक समुद्री दृष्टिकोण (Collective Maritime Approach towards Countering Common Challenges)।

- MAHASAGAR का तात्पर्य क्षेत्र में **सभी के लिये सक्रिय सुरक्षा** और **विकास हेतु समुद्री दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्धता है**। इसका उद्देश्य **IOR देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा** देने वाली उच्च स्तरीय वार्ता के लिये एक मंच तैयार करना है।
    - **इसमें बांग्लादेश, कोमोरोस, केन्या, मेडागास्कर, मालदीव, मॉरीशस, मोज़ाम्बिक, सेशेल्स, श्रीलंका** और **तंज़ानिया** की नौसेनाओं और समुद्री एजेंसियों के प्रमुख शामिल हुए।
- MAHASAGAR भारत सरकार के SAGAR दृष्टिकोण (**क्षेत्र में सभी के लिये सुरक्षा और विकास**) के अनुरूप है।
    - वर्ष 2015 में भारत ने आर्थिक और सुरक्षा मोर्चों पर अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ संबंधों को बेहतर बनाने के लिये हिंद महासागर हेतु अपनी रणनीतिक दृष्टि अर्थात् **क्षेत्र में सभी के लिये सुरक्षा और विकास (SAGAR)** का अनावरण किया।

**और पढ़ें... सुरक्षित हिंद महासागर**

## NCMC ने चक्रवात 'मिचौंग' को लेकर तैयारी की समीक्षा की

हाल ही में **राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति (NCMC)** ने **बंगाल की खाड़ी** की ओर तेज़ी से बढ़ रहे चक्रवात 'मिचौंग' के लिये राज्य सरकारों और केंद्रीय मंत्रालयों की तैयारी का आकलन करने के लिये बैठक बुलाई।

- **भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD)** ने तूफान के वर्तमान स्थान और अनुमानित पथ की सूचना दी, जो तटीय आंध्र प्रदेश में संभावित भूस्खलन का संकेत देता है।
- NCMC प्राकृतिक आपदा के मद्देनज़र राहत उपायों और कार्यों के समन्वय एवं कार्यान्वयन के लिये गठित एक समिति है।
- **NCMC** भारत को प्रभावित करने वाले प्रमुख संकटों, आपात स्थितियों और आपदाओं की प्रतिक्रिया का समन्वय और निगरानी करता है।
    - **NCMC का नेतृत्व कैबिनेट सचिव करता है।**
- **चक्रवात मिचौंग** एक **उष्णकटिबंधीय चक्रवात** है, जिसके बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम में उत्पन्न होने की संभावना है।
    - 'मिचौंग' का नाम म्याँमार द्वारा दिये गए सुझाव के आधार पर रखा गया है। इसका अर्थ है ताकत और लचीलापन।

**और पढ़ें...** चक्रवात

## भारतीय नौसेना दिवस 2023

वर्ष **1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध** के दौरान एक महत्त्वपूर्ण आक्रामक युद्धाभ्यास **ऑपरेशन ट्राइडेंट** का सम्मान करने के लिये भारत प्रत्येक वर्ष **4 दिसंबर, 2023** को **नौसेना दिवस** मनाता है।

- **ऑपरेशन ट्राइडेंट,** वर्ष 1971 के संघर्ष के दौरान एक निर्णायक क्षण था, जिसमें कराची बंदरगाह के समीप तीन जहाज़ों को निष्क्रिय करने के लिये **4 SS-N-2 Styx मिसाइलों** से लैस **सोवियत ओसा मिसाइल नौकाओं** का उपयोग कर भारतीय नौसेना की रणनीतिक शक्ति का प्रदर्शन किया गया था।
- वर्तमान में **कमांडर प्रेरणा देवस्थली** भारतीय नौसेना के युद्धपोत (वॉटरजेट FAC INS त्रिंकट) की कमान संभालने वाली भारतीय नौसेना की पहली महिला अधिकारी होंगी।

**और पढ़ें...भारतीय नौसेना दिवस**

## पूर्वोत्तर भारत हेतु नए अंतर्राष्ट्रीय हवाई मार्ग

हाल ही में **केंद्र की [‘उड़े देश का आम नागरिक’ (UDAN)](#) पहल** ने **पूर्वोत्तर राज्यों को अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों से जोड़ने वाले चार नए हवाई मार्गों को मंज़ूरी** दी है।

- ये मार्ग **असम को थाईलैंड** और **बांग्लादेश, मणिपुर को म्याँमार** तथा **त्रिपुरा को बांग्लादेश से जोड़ेंगे**।
- उड़ान या UDAN योजना के तहत इन मार्गों पर **रियायती हवाई किराए** की पेशकश की जाएगी, जो क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ाने में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।
- UDAN योजना में **हवाई किराए के लिये राज्य सब्सिडी** शामिल है, जिसमें **भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण** बोली प्रक्रिया, एयरलाइन चयन और उसके बाद सब्सिडी आवंटन का प्रबंधन करता है, जिसमें राज्य सबसे कम बोली लगाने वाले को व्यवहार्यता अंतर निधि प्रदान करते हैं।
  - **वर्ष 2022 में शुरू** की गई **'अंतर्राष्ट्रीय UDAN'** का उद्देश्य **विशिष्ट राज्यों से अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों तक हवाई कनेक्टिविटी** बढ़ाकर **सामाजिक-आर्थिक प्रगति** को बढ़ावा देना है।

**और पढ़ें... UDAN पहल**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-04-december-2023